शिक्षा की प्रगति

माध्यमिक शिक्षा

उत्तर प्रदेश

2004-05

373.021
UTT-04-UP

निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश में शिक्षा की प्रगति

माध्यमिक शिक्षा

2004-05

NIEPA - DC
D12915

शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016 D-12915
DOC, No.........
Date 25-1-2007

विषय सूची

अध्याय	शीर्षक	पृष्ठ संख्या
1.	सामान्य पर्यवेक्षण	1 – 5
2.	माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा	6 – 19
3.	पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश	20 – 23
4.	पुस्तकालय	24

तालिकाओं की सूची

1.	माध्यमिक विद्यालयों की संख्या	25
2.	माध्यमिक विद्यालयों में छात्र संख्या	25
3.	माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों की सख्या	25
4.	30 सितम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार प्रबन्धानुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या	26
5.	30 सितम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार स्तरानुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या	26
6.	30 सितम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार जनपदवार हाईस्कूल स्तर के विद्यालयों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की संख्या	27 – 29
7.	30 सितम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार जनपदवार इण्टरमीडिएट स्तर के विद्यालयों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की संख्या	30 – 32
8.	हाई स्कूल परीक्षा 2004 में परीक्षार्थियों की संख्या	33
9.	इण्टरमीडिएट परीक्षा 2004 में परीक्षार्थियों की संख्या	33
10.	माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा 2004 का परीक्षाफल	34
11.	माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा 2004 का परीक्षाफल	35
12.	2001 की जनगणनानुसार जनपदवार जनसंख्या एवं साक्षरता प्रतिशत	36 – 38
13.	माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत पदों की स्थिति	39 – 45

अध्याय- 1
सामान्य पर्यवेक्षण

शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का प्रमुख साधन है। शिक्षित व्यक्ति ही राष्ट्र की आर्थिक प्रगति को वास्तविक गति प्रदान कर सकते हैं। प्राचीन शिक्षा की पद्धति गुरुकुल प्रणाली में निहित थी। कालान्तर में मंदिरों, मठों एवं मस्जिदों में शिक्षा का विकास कार्यक्रम चलता रहा। भारत की आजादी के पूर्व ब्रिटिश शासकों ने 1858 में म्योर सेन्ट्रल कालेज, इलाहाबाद के अन्तर्गत शिक्षा की व्यवस्था प्रारम्भ की जिसमें प्राथमिक स्तर से विद्यालयों की शिक्षा का संचालन करने का अधिकार था।

सेडलर कमीशन 1917 की संस्तुतियों के आधार पर विश्वविद्यालय शिक्षा को माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा से अलग किया गया। माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा की व्यवस्था के लिए माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 प्रकाशित व प्रभावी किया गया। इसी तारतम्य में राजाज्ञा संख्या 214/2–2 दिनांक 31 मार्च, 1923 द्वारा म्योर सेन्ट्रल कालेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को छोड़कर शेष की शिक्षा इससे अलग कर के माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु "डायरेक्टर उत्तर प्रदेश शासन" के शिक्षा विभाग के साथ अभिलिखित किया गया। अप्रैल, 1939 में शिक्षा विभाग को सचिवालय से पृथक कर उसे उत्तर प्रदेश का एक अलग विभाग बनाया गया। राजाज्ञा संख्या 3436/15–2263–46 दिनांक 26 जून, 1947 द्वारा "डायरेक्टर आफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन" का नाम बदल कर "डायरेक्टर आफ एजूकेशन" और बाद में "शिक्षा निदेशक" किया गया।

वर्ष 1972 तक उपर्युक्त व्यवस्था के अन्तर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा, शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश के नियंत्रण, निर्देशन एवं प्रशासन के अधीन थी। शिक्षा के बढ़ते कार्यों, विद्यालयों एवं नये–नये प्रयोगों के कुशल संचालन के कार्यक्रम को अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वर्ष 1972 में शिक्षा निदेशालय के विभाजन का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया जिसके अनुसार शिक्षा का प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च स्तर का तीन खण्डों में विभाजन किया गया जिसके अलग–अलग निदेशक बनाये गये। बेसिक शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से वर्ष 1985 में पृथक बेसिक शिक्षा निदेशालय की स्थापना की गई। प्रशिक्षण एवं शोध कार्यक्रमों एवं उर्दू तथा राजभाषा की अधिक गतिशील व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग–अलग निदेशालय स्थापित किये गये हैं।

उत्तर प्रदेश 240928 वर्ग किलोमीटर के विस्तृत क्षेत्र में फैला है। शिक्षा जगत की सार्थक एवं व्यापक व्यवस्था के अनुरूप कार्य सम्पादन में सुविधा की दृष्टि से पूरे प्रदेश में प्रशासनिक कार्य सम्पादन के निमित्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, एक मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक के कार्यालय है। जनपदीय स्तर पर माध्यमिक स्तर की शिक्षा व्यवस्था एवं नियंत्रण हेतु प्रदेश के सभी 70 जनपदों में एक–एक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्थापित हैं।

जनगणना 2001 के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 166052859 है जिसमें 87466301 पुरूष एवं 78586558 महिलायें हैं। कुल साक्षरता 57.36 प्रतिशत है जबकि पुरूषों एवं महिलाओं की साक्षरता क्रमशः 70.23 एवं 42.98 प्रतिशत है।

खेलकूद एवं युवक कल्याण

छात्र–छात्राओं की शिक्षा के साथ समुचित सामाजिकता एवं स्वस्थ नागरिकता का प्रशिक्षण देना और उनके शरीर को हृष्ट–पुष्ट बनाना तथा उन्हें चुस्त रखने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित किया जाता है। इसके अन्तर्गत छात्र–छात्रा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए, कोचिंग, विजेताओं को छात्रवृत्तियाँ देना, राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान में विद्यालयों में पाठ्य सहगामी सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूर्व माध्यमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में बालचर योजना का विस्तार, 'अपना देश, अपना प्रदेश जागो' आदि योजनायें सम्मिलित हैं। विद्यालयों में खेल–कूद एवं अन्य शिक्षणेत्तर कार्यक्रम के प्रोन्नति हेतु राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान, फैजाबाद की स्थापना की गयी है।

माध्यमिक शिक्षा

1. माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए सुनियोजित नीति का अपनाया जाना तथा क्षेत्रीय असंतुलन के निराकरण के लिए माध्यमिक विद्यालयों का मुख्य रूप से पिछड़े क्षेत्रों में खोला जाना।
2. गुणात्मक सुधार कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाना, जिसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम को सफल बनाना, पाठ्यक्रम के स्तर को उन्नत करना, शिक्षा प्रणाली को उन्नत बनाना आदि विद्यालयों के गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इनमें अभिनव प्रयोग की योजना संचालित करना।
3. ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना जिसमें छात्रों को पर्याप्त संख्या में मध्य स्तरीय रोजगार के अवसरों की ओर लगाया जा सके। विद्यालय भवन, काष्ठोपकरण, प्रयोगशालाओं तथा साज–सज्जा की दृष्टि से विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जाना।
4. 10 वर्षीय सामान्य शिक्षा के नये रूप के सन्दर्भ में विज्ञान की शिक्षा का विस्तार और सुधार करना।
5. माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा की पद्धति के अभिनवीकरण हेतु पत्राचार शिक्षा संस्थान की स्थापना।

शैक्षिक शोध अध्यापक प्रशिक्षण

शैक्षिक–समस्याओं के अध्ययन एवं अनुसंधान को विशिष्ट गति देने हेतु राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना वर्ष 1981 में की गयी। इस प्रक्रिया में माध्यमिक स्तर की संस्थाओं के

अध्यापकों की सेवा कालीन शैक्षिक सुविधाओं को विस्तृत एवं व्यापक बनाना तथा वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समुन्नत करना सम्मिलित है।

मृत/अवकाश प्राप्त अध्यापकों की कल्याण योजना :

1. मृत/अवकाश प्राप्त एवं कार्यरत अध्यापकों के अध्ययनरत विकलांग बच्चों को एक शैक्षिक सत्र के लिए निम्नांकित दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है–

1.	कक्षा 3 से 8 तक	रु0 350.00 एक मुश्त
2.	का 9 से 10 तक	रु0 500.00 एक मुश्त
3.	कक्षा 11 से 12 तक	रु0 800.00 एक मुश्त
4.	स्नातक/स्नातकोत्तर, सी0टी0	रु0 1000.00 एक मुश्त
	एल0टी0/एम0बी0बी0एस0/टेक्निकल आदि।	

2. मृत अध्यापकों के आश्रितों जिनका कोई बालिग पुत्र रोजगार करने योग्य न हो तथा अवकाश प्राप्त अध्यापकों की जिनकी मासिक पेंशन की धनराशि 500 रूपया से अधिक न हो, भरण पोषण हेतु 150 रूपये मासिक दर से कम से कम एक वर्ष तथा अधिक से अधिक 5 वर्ष तक दी जाती है।

3. मृत अध्यापकों तथा ऐसे अवकाश प्राप्त अध्यापकों जिनकी वार्षिक आय मूल वेतन के आधार पर रूपये तीस हजार मात्र से अधिक न हो, की पुत्री जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो, की शादी हेतु रूपया 4000 या रूपया 5000 तक एक मुश्त धनराशि स्वीकृत की जाती है।

4. मृत अध्यापकों के आश्रितों, अवकाश प्राप्त एवं कार्यरत अध्यापकों को जिसकी वार्षिक आय मूल वेतन के आधार पर 30,000 रूपया (रूपया तीस हजार मात्र) से अधिक न हो, स्वयं को अथवा उनके आश्रितों को चिकित्सा हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी प्रदत्त अथवा अन्य डाक्टरों द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित हो, प्रमाण पत्र में अंकित बीमारी की गम्भीरता को देखते हुए रू0 750 से रू0 5000 मात्र की एक मुश्त धनराशि स्वीकृत की जाती है।

उक्त नियमों के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन–पत्रों को आर्थिक सहायता स्वीकृत करने हेतु एतद गठित समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है तथा समिति के अनुमोदनोपरान्त सहायता स्वीकृत की जाती है। अपूर्ण अथवा नियमान्तर्गत न होने वाले प्रार्थना पत्र निरस्त हो जाते हैं।

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान

समाज के विकास में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जातियों के विकास के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने हेतु योजना में विशेष प्रयास किया गया

है। इनके लिए अनुसूचित जाति की घनी आबादी वाले क्षेत्रों में माध्यमिक विद्यालय खोले जा रहे है तथा उनके लिए प्रोत्साहन योजनायें चलायी जा रही हैं। जैसे उनके बालकों हेतु निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेखन सामग्री तथा छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना है।

अभिभावक अध्यापक संघ का गठन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में माध्यमिक शिक्षा के सम्बन्ध में कहा है कि इस स्तर पर उपयुक्त पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों में चेतन रूप में सामाजिक संस्कृति का संस्कार डाला जाय। इस सन्दर्भ में यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को शिक्षित करने वाले अध्यापकगण एक दूसरे के अधिक सम्पर्क में आयें और विद्यार्थियों तथा संस्था के क्रिया–कलापों को सही दिशा प्रदान करने में एक दूसरे को सहयोग प्रदान करें।

इस दृष्टि से अभिभावक अध्यापक नियमावली में उल्लिखित एसोसियेशन प्रबन्ध समिति एवं प्रधानाचार्य को संस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए परामर्श एवं सहयोग देता है परन्तु संस्था के प्रबन्धकीय प्रशासन में हस्तक्षेप करना सम्मिलित नहीं है। इस एसोसियेशन के माध्यम से संस्था और स्थानीय समाज के आपसी सम्बन्ध को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही संस्था की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर एसोसिएशन स्थानीय समाज के नैतिक, आर्थिक या भौतिक सहयोग से उनको दूर करने का प्रयास करेगा। इस नियमावली के अनुसार अभिभावक–अध्यापक एसोसियेशन की आम सभा वर्ष में कम से कम दो बार होगी।

अन्य कार्यक्रम

1. पुस्तकालय नीति–शिक्षा के सभी स्तरों के कार्यक्रमों को आधुनिक पुस्तकालय व्यवस्था को समर्थन प्रदान करना।
2. शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के नियोजन एवं अनुश्रवण हेतु शिविर कार्यालय, लखनऊ में "नियोजन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कोष्ठक" की स्थापना।
3. अध्यापकों की नियुक्तियों में गुणवत्ता बनाये रखने की दृष्टि से माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड की स्थापना।
4. हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं, जैसे– संस्कृत, उर्दू आदि का समुचित विकास किया जाना तथा उनके साहित्य में अभिवृद्धि हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रमों का संचालन किया जाना।
5. राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से कक्षा 1–12 तक की भाषा और इतिहास की पुस्तकों की समीक्षा किया जाना।
6. छात्रों के चरित्र विकास एवं नेतृत्व के गुणों के विकास को ध्यान में रखकर जनपदीय एवं मण्डलीय स्काउट रैली का आयोजन करना।

अध्यापकों को राज्य पुरस्कार

वर्ष 1950 से भारत सरकार द्वारा अध्यापकों को विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना प्रारम्भ हुई। इस योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रदेश में चुने हुए माध्यमिक स्तर के अध्यापकों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है। वर्ष 1984 से प्रदेश स्तर पर ऐसे शिक्षकों को राज्य पुरस्कार प्रदान करना आरम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत चुने हुए अध्यापकों को वर्ष 2004-05 से 10,000.00 रूपये नकद, एक ऊनी शाल, मेडल और प्रमाण-पत्र दिये जाने का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त अध्यापकों को दो वर्षों की सेवा विस्तारण तथा एक अग्रिम वेतन वृद्धि दिये जाने का भी प्राविधान है।

अध्याय- 2
माध्यमिक शिक्षा

माध्यमिक शिक्षा का सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में विशेष महत्व है। शिक्षा विकास की प्रक्रिया का एक अविभाज्य अंग है। विवेकपूर्ण निर्णय लेने, युगीन आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप निर्दिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति, गुणवत्ता–परक शिक्षा ही कर सकती है। किशोर बालक/बालिकाओं में ज्ञान वर्धन के साथ–साथ सामाजिक सद्गुणों का विकास, अधिकारों एवं कर्तव्यों का ज्ञान, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के प्रति जागरूकता, आत्मनिर्भरता और आत्मविकास आदि चारित्रिक गुणों का विकास करना माध्यमिक शिक्षा का मूल उद्देश्य है।

वर्तमान में प्रदेश में कुल 12766 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, जिसमें 548 राजकीय तथा 12218 अशासकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। इसमें 4474 अशासकीय सहायता प्राप्त तथा 7744 वित्तहीन अशासकीय माध्यमिक विद्यालय है। माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक लगभग 67.64 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत है।

माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना :

माध्यमिक शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के साथ पठन–पाठन की व्यवस्था में सुधार के लिए विशिष्ट कार्यक्रम बनाये गये हैं :–

1. असेवित विकास खण्डों में बालिका हाईस्कूल/इण्टर विद्यालयों की स्थपना :

ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शैक्षिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के 426 विकास खण्डों (असेवित) में शासकीय/अशासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालयों की स्थापना करके अच्छादित किया जा चुका है। वर्ष 2004–05 में निजी प्रबंन्ध तंत्र के सहयोग से 361 स्थापित कन्या विद्यालयों को द्वितीय किस्त के भुगतान हेतु रू0 100.00 लाख का आय–व्ययक प्रावधान किया गया। वित्तीय वर्ष 2004–2005 में 9 विद्यालयों को द्वितीय किस्त की स्वीकृति शासन द्वारा जारी की गई है। वर्ष 2004–2005 में योजनान्तर्गत 30 विद्यालयों का लक्ष्य रखा गया हैं।

2. सेवित विकास खण्ड की दूसरी न्याय पंचायत में निजी प्रबन्धतंत्रों के सहयोग से कन्या विद्यालय की स्थापना हेतु अनावर्तक अनुदान :

वर्ष 2000–2001 में इस योजना का विस्तार करते हुए कन्या विद्यालय सेवित विकास खण्ड की दूसरी न्याय पंचायत में भी कन्या विद्यालय खोलने की योजना लागू की गई जिसके अन्तर्गत 541 न्याय पंचायतों की चिन्हित करते हुए 456 विकास खण्डों की दूसरी न्याय पंचायत में विद्यालय स्थापना हेतु

कार्यकारी सिद्धान्त के अनुसार जनपदीय समिति द्वारा चयनित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है। वर्ष 2004–2005 तक योजनान्तर्गत 138 विद्यालयों को प्रथम किस्त के रूप में रू0 1380.00 लाख की तथा 36 विद्यालयों को द्वितीय किस्त के रूप में रू0 36.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

3. माध्यमिक विद्यालयों का भवन निर्माण :

वर्तमान में प्रदेश के मैदानी जनपदों में सम्प्रति 90 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऐसे संचालित हैं जिनके पास या तो अपने भवन नहीं है अथवा उनके भवन अपर्याप्त तथा जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जिनके निर्माण/पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। नवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 52 चालू कार्यों में 12 भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराया गया है। वर्ष 2003–2004 तथा वर्ष 2004–2005 में क्रमशः 4 एवं 5 विद्यालयों के भवन निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है।

4. विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण :

माध्यमिक स्तर पर दस वर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिये गये जाने से हाईस्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में माध्यमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा स्तरोन्नयन एवं गुणात्मक सुधार करने की दृष्टि से जिन विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाएं नहीं है उनमें विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। नवीं पंचवर्षीय योजना काल में 49 विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण कराया गया है। इस योजना को दसवीं पंचवर्षीय योजना में भी संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। दसवीं पंचवर्षीय योजना के वर्ष 2003–2004 में 4 प्रयोगशालाओं तथा वर्ष 2004–2005 में 6 प्रयोगशालाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति शासन द्वारा जारी की गई।

5. असेवित क्षेत्रों में ब्लाक स्तर पर राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल स्तर पर क्रमोन्नयन (बालक/बालिका) :

बालिका शिक्षा के विस्तार के अन्तर्गत प्रदेश के ऐसे असेवित विकास खण्ड जहाँ पर कोई भी बालिका हाईस्कूल/इण्टर कालेज संचालित नहीं है, वहाँ पर बालिका शिक्षा हेतु राजकीय बालिका हाईस्कूल की स्थापना करने के उद्देश्य से इस योजना की प्रारम्भ किया गया था लेकिन प्रदेश की वित्तीय संसाधनों की दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा चिन्हित 426 असेवित विकास खण्डों में निजी प्रबन्धतन्त्र के सहयोग से कन्या हाईस्कूल/इण्टर कालेज की स्थापना का निर्णय लिया गया जिसके अन्तर्गत नवीं पंचवर्षीय योजना अन्तर्गत वर्ष 1997–98 से 1999–2000 तक सभी चिन्हित असेवित विकास खण्डों में राजकीय/अशासकीय कन्या हाईस्कूलों की स्थापना करके आच्छादित किया जा चुका है। दसवीं पंचवर्षीय योजना के वर्ष 2004–2005 में एक राजकीय हाईस्कूल की स्थापना की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है।

6. राजकीय हाईस्कूलों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण :

दसवीं पंचवर्षीय योजना में विद्यालयों को हाईस्कूल स्तर से इण्टर स्तर पर उच्चीकृत योजनान्तर्गत वर्ष 2004–2005 में 3 हाईस्कूल को इण्टरस्तर पर उच्चीकृत किया गया है।

7. विद्यावाहिनी प्रोजेक्ट :

यह प्रोजेक्ट भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की शत प्रतिशत वित्तीय सहायता से संचालित किया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं की कम्प्यूटर की सहायता से विभिन्न विषयों का शिक्षण कार्य कराया जाता है तथा कम्प्यूटर की परिचयात्मक जानकारी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायी जाती है।

सर्वप्रथम प्रदेश के दो जनपद लखनऊ एवं इलाहाबाद में इस परियोजना को संचालित किया गया है जिसके अन्तर्गत 20–20 राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में योजना का प्रारम्भ किया गया है। योजनान्तर्गत प्रत्येक विद्यालय की एक सरवर, 10 कम्प्यूटर लेन कनेक्टीविटी के साथ, लेजर प्रिन्टर, वी सेट एण्टीना आदि उपलब्ध कराया गया है। जनपद लखनऊ तथा इलाहाबाद के राजकीय जुबली इण्टर कालेज, लखनऊ/राजकीय इण्टर कालेज, इलाहाबाद में एक–एक ट्रेनिंग लैब की भी स्थापना की गई है जिसमें विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं समस्त अध्यापकों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं 5 अध्यापकों कुल मिलाकर 220 प्रधानाचार्यों/अध्यापकों को कम्प्यूटर शिक्षा से प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे भी जारी रखा जाएगा। इस प्रोजेक्ट हेतु वर्ष 2002–2003 में भारत सरकार द्वारा रू0 31.75 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जुलाई, 2003 से विद्यावाहिनी योजना का लगातार क्रियान्वयन किया जा रहा है।

8. माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञों की व्यवस्था :

प्रदेश में स्थापित 548 शासकीय तथा 4474 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय संचालित है। जिसमें 134899 अध्यापक एवं अध्यापिकाएं कार्यरत हैं। प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक छात्र का अनुपात वर्तमान में 1:43 है जबकि भारत में यह अनुपात 1:34 है। इस विषमता को दूर करने हेतु राज्य सरकार के सीमित संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा एक निश्चित मानदेय देकर विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। इस योजनान्तर्गत कार्यरत विषय विशेषज्ञों को रू0 5000.00 प्रति माह प्रति विषय विशेषज्ञों को 10 माह का मानदेय दिया जाता है। वर्तमान में 2323 विषय विशेषज्ञ कार्यरत हैं जिनके मानदेय भुगतान हेतु वर्ष 20004–2005 में रू0 900.00 लाख की व्यवस्था आय–व्ययक में की गई है।

9. कन्या विद्याधन योजना :

प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कन्या विद्याधन योजना वित्तीय वर्ष 2004–05 से प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की वर्ष 2004 की इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु रू0 20,000/– प्रति छात्रा अनुदान देने का लक्ष्य है। इस योजनान्तर्गत रू0 50.00 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदेश सरकार द्वारा राज्य आकस्मिकता निधि से निर्गत की जा चुकी है जिसका आवंटन जनपदों को निर्गत कर दिया गया है।

10. ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब की स्थापना :

ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये 30.10 करोड़ रूपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है, जिससे प्रत्येक जिले के जिला मुख्यालय पर एक कम्प्यूटर लैब का निर्माण कराया जा रहा है। प्रत्येक लैब में 50 कम्प्यूटर सिस्टम तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जायेगा। इन कम्प्यूटर लैब में कक्षा 6 से 12 तक के संस्थागत छात्र/छात्रा प्रत्येक सप्ताह में दो घण्टे कुल मिलाकर वर्ष में 50 घण्टे की शिक्षा ग्रहण करेंगे। रविवार को व अन्य अवकाश के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। वर्ष 2001–2002 में 42 जनपदो में कम्प्यूटर लैब की स्थापना हेतु शासन द्वारा रू0 284.34 लाख, वर्ष 2002–2003 में 14 जनपदों में कम्प्यूटर लैब की स्थापना तथा वर्ष 2003–04 में 2031.40 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

11. ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण :

ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिये 33.73 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस अनुदान से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के भवनों का निर्माण, विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण, अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों का निर्माण बाउन्ड्रीवाल का निर्माण, विज्ञान उपकरण का क्रय तथा फर्नीचर एवं साज–सज्जा की व्यवस्था की गयी है। विभिन्न वर्षों में स्वीकृत धनराशि एवं कार्यों का विवरण निम्नवत है–

क्रम सं0	मद	संख्या	स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में)	व्यय की गई धनराशि (लाख रू0 में)	अभ्युक्ति
	वर्ष 2000–01				
1.	विद्यालय भवनों का निर्माण	18	1217.40	1217.40	कार्य पूर्ण
2.	प्रयोगशाला का निर्माण	14	139.16	139.16	कार्य पूर्ण
	योग		**1356.56**	**1356.56**	
	वर्ष 2001–02				
1.	विद्यालय भवनों का निर्माण	9	602.07	602.07	कार्य पूर्ण
2.	प्रयोगशाला का निर्माण	2	29.54	29.54	कार्य पूर्ण
	योग		**631.61**	**631.61**	

	वर्ष 2002–03				
1.	विद्यालय भवनों का निर्माण	7	508.73	508.73	कार्य पूर्ण
2.	प्रयोगशाला का निर्माण	5	44.87	44.87	कार्य पूर्ण
3.	विज्ञान उपकरण एवं साज–सज्जा	92	104.00	104.00	कार्य पूर्ण
4	बाउण्ड्री वाल का निर्माण	7	35.00	35.00	कार्य पूर्ण
5.	अतिरिक्त कक्ष का निर्माण	7	10.31	10.31	कार्य पूर्ण
	योग		**702.91**	**702.91**	
	वर्ष 2003–04				
1.	विद्यालय भवनों का निर्माण	1	42.65	42.65	कार्य पूर्ण
2	प्रयोगशाला का निर्माण	8	69.86	69.86	कार्य पूर्ण
3.	अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण	5	7.50	7.50	कार्य पूर्ण
4.	पेयजल व्यवस्था	50	37.50	37.50	कार्य पूर्ण
5.	शौचालय निर्माण	45	10.80	10.80	कार्य पूर्ण
6.	बाउण्ड्री वाल	6	30.00	30.00	कार्य पूर्ण
7.	विज्ञान उपकरण	60	89.00	89.00	कार्य पूर्ण
8.	साज–सज्जा (फर्नीचर)	115	115.00	115.00	कार्य पूर्ण
	योग		**402.31**	**402.31**	

12. माध्यमिक शिक्षा परिषद :

प्रदेश सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं की पवित्रता एवं सुचिता बनाये रखने के लिये कटिबद्ध है। इस सम्बन्ध में फर्जी छात्रों के प्रवेश पर रोक, परीक्षा के आवेदन–पत्रों की सघन जांच तथा फर्जी छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित कराने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण की वर्तमान नीति को परिवर्तित कर अच्छी ख्याति वाली शिक्षण संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र बनाने का निर्णय लिया गया है। इन परीक्षाओं के मूल्यांकन पद्धति को और अधिक वस्तुनिष्ठ तथा विश्वसनीय बनाये जाने के लिये अनेक कदम उठाये गये हैं, लगभग 50 वर्ष बाद मई माह में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2004 के परीक्षाफल घोषित कर दिये गये हैं। परीक्षा से सम्बन्धित कार्यों के पारिश्रमिक को सी0वी0एस0ई0 के समकक्ष किया गया।

प्रदेश में पठन–पाठन के वातावरण को सृजित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम– 2002 लागू किया गया है जिससे शासकीय तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक विद्यालयीय शिक्षा को ओर अधिक ध्यान दे सकेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आयेगा।

13. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का गठन :

उत्तर माध्यमिक स्तर की संस्कृत शिक्षा की गुणवत्ता में अभिवृद्धि के उद्देश्य से माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का गठन किया गया है। अभी तक सभी स्तर की संस्कृत शिक्षा का कार्य सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा देखा जा रहा था और संस्कृत शिक्षा के प्रबन्धन में कठिनाई हो रही थी। माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा प्रथमा, पूर्व माध्यमा और उत्तर मध्यमा कक्षाओं के लिये पाठ्यक्रम तथा पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था और इन संस्थाओं की मान्यता, परीक्षा तथा अध्यापकों के अनुमोदन आदि का कार्य सम्पादित कराया जा रहा है। परिषद द्वारा वर्ष 2004 की प्रथम से उत्तर मध्यमा स्तर की परीक्षायें सम्पन्न करायी गयी।

14. शैक्षिक कार्यक्रमों का सुगम तथा प्रभावी क्रियान्वयन :

शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य से परिचित होने तथा उससे जुड़ी समस्याओं से अवगत होने के उद्देश्य से शिक्षा अधिकारियों, शिक्षा संगठनों, प्रधानाचार्य परिषद, महासभा तथा शिक्षाविदों से सीधा संवाद प्रारम्भ किया गया है। हमारा यह मत है कि शिक्षा के क्षेत्र में आमसहमति से निर्णय लिया जाय ताकि शैक्षिक कार्यक्रमों का सुगम तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। शिक्षा से जुड़े विभिन्न वर्गों से संवाद करने से उनके दीर्घकालीन अनुभव का लाभ नये शैक्षिक कार्यक्रमों की संरचना एवं प्रभावी क्रियान्वयन में प्राप्त हो सकेगा।

15. शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था :

ज्ञान विस्फोट के कारण यह आवश्यक हो गया है कि हमारे शिक्षकों को समय-समय पर सेवारत प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। इससे शिक्षकों का ज्ञानवर्द्धन होगा और वे नवीन आयामों से छात्रों को परिचित करा सकेंगे। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में वृहत कार्ययोजना तैयार कराकर शिक्षकों के सेवारत प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

16. परीक्षाफल में सुधार लाया जाना :

शैक्षिक वातावरण सृजन एवं शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन की दृष्टि से निर्णय लिया गया है कि जिन अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों का परीक्षाफल संतोषजनक नहीं रहा है उन्हें परीक्षाफल में सुधार के अवसर दिये जाने के बाद भी परीक्षाफल में सुधार नहीं होता है तो ऐसे विद्यालयों की मान्यता प्रत्याहरण के लिए गम्भीरता से विचार किया जायेगा। अतः शिक्षा के स्तरोन्नयन के साथ-साथ हमें अपने विद्यालयों के परीक्षाफल की उत्कृष्टता के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की आवश्यकता है, तभी हमारे छात्र 21 वीं सदी की दौड़ में अपना स्थान बना पाने में सफल हो सकेंगे।

व्यावसायिक शिक्षा योजना

- वर्ष 1989–90 से संचालित।
- + 2 स्तर पर कक्षा 11 एवं 12 में योजना का कार्यान्वयन।
- योजनानतर्गत 6 चरणों में 163 राजकीय विद्यालयों तथा 729 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों कुल मिलाकर 892 विद्यालयों में आच्छादन। सप्तम चरण हेतु 100 विद्यालयों का चयन कर वर्कशेड निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।
- 892 विद्यालयों में विभिन्नं 35 ट्रेड संचालित किये जा रहे हैं जिसमें लगभग 3700 विषय विशेषज्ञ (अनुदेशक) 1500 रूपये प्रतिमाह के मानदेय पर कार्यरत हैं तथा इस योजना में लगभग 50,000 छात्र–छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।
- विगत वर्षों की छात्र संख्या एवं परीक्षाफल :

वर्ष	कक्षा 11–12 में छात्र संख्या	कक्षा– 12 के परीक्षाफल का प्रतिशत
1998–1999	49,990	69
1999–2000	62,625	75
2000–2001	46,200	80
2001–2002	46,400	92
2002–2003	45,174	86
2003–2004	44,200	89.64

टिप्पणी– वर्ष 2000 में उत्तरांचल राज्य का गठन हो जाने के फलस्वरूप छात्र संख्या में कमी हुई है।

- प्रत्येक विद्यालय में अधिकतम 4 ट्रेडों एवं न्यूनतम 2 ट्रेडों का संचालन।
- प्रत्येक ट्रेड के लिए एक वर्कशेड के निर्माण हेतु रू0 1.00 लाख की धनराशि एवं ट्रेड उपकरणों के क्रय हेतु लगभग रू0 1.00 लाख की धनराशि अनावर्तक व्यय के रूप में एक मुश्त विद्यालय को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था।
- कच्चे माल के लिए प्रतिवर्ष रू0 3000 की धनराशि एवं प्रति ट्रेड रू0 100 की दर से प्रति छात्र अधिकतम 15 छात्रों के लिए फील्ड विजिट हेतु धनराशि उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान।

- ट्रेडों के शिक्षण कार्य हेतु आमंत्रित अतिथि विषय विशेषज्ञों को रू0 50 प्रति व्याख्यान की दर से एक माह में अधिकतम रू0 1500 तथा सम्पूर्ण वर्ष में 10 माह की धनराशि अधिकतम् दिये जाने का प्राविधान।

- वर्कशेड निर्माण ट्रेड उपकरण, कच्चे माल एवं फील्ड विजिट हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि का शत–प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाना तथा मानदेय की धनराशि का 75 प्रतिशत अंश भारत सरकार एवं 25 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना।

- वर्ष 1989–90 के प्रारम्भ में 35 ट्रेडों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया। कालान्तर में कुछ ट्रेडों में छात्र संख्या न्यून होने के कारण संचालित होने वाले ट्रेडों की संख्या 16 कर दी गयी।

- शैक्षिक वर्ष 2002–2003 से सप्तम् चरण में चयनित किये जाने वाले विद्यालयों में केवल निम्नलिखित 10 उपयोगी ट्रेडों को ही रखा गया है :–

1. फल एवं खाद्य संरक्षण
2. परिधान रचना एवं सज्जा
3. आशुलिपिक एवं टंकण
4. बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरिटरी तकनीक सहित)
5. रंगीन फोटोग्राफी
6. रेडियों एवं रंगीन टी0वी0
7. बुनाई तकनीक व हैण्ड इम्ब्रायडरी तकनीक
8. कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टीनेंस (डाटा एन्ट्री प्रोसेस)
9. कृषि यंत्र एवं डीजल इंजन आदि की मरम्मत एवं रख–रखाव
10. घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव।

कम्प्यूटर "क्लास प्रोजेक्ट" योजना

- भारत सरकार के सहयोग से कम्प्यूटर क्लास प्रोजेक्ट योजना की स्वीकृति।

- प्रथम चरण में 150 राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में योजना शैक्षिक सत्र 2004–2005 से लागू की जा रही हैं।

- राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त 300 इण्टरमीडिएट विद्यालयों का चयन, मानकों का निर्धारण किया जा चुका है।

- लखनऊ एवं इलाहाबाद में 20–20 विद्यालयों का चयन कर सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम स विद्या वाहिनी कम्प्यूटर परियोजना प्रारम्भ की जा रही है। इन दो जनपदों को छोड़कर क्लास प्रोजेक्ट के अन्तर्गत लगभग प्रत्येक जनपद से न्यूनतम 2 एवं अधिकतम 6 विद्यालयों का चयन किया गया है।

- भारत सरकार का वित्तीय अंशदान 75 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश सरकार का अंशदान 25 प्रतिशत है। प्रोजेक्ट यूनिट कास्ट प्रति विद्यालय रू0 6.70 लाख है।

- भारत सरकार द्वारा रू0 10 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिसकी प्रथम किस्त रू0 7.50 करोड़ की धनराशि केन्द्रांश के रूप में एवं 2.50 करोड़ की धनराशि राज्यांश के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है।

प्रोजेक्ट में प्रति विद्यालय 10 कम्प्यूटर्स आवश्यकतानुसार यू0पी0एस0 एवं डाट मेट्रिक्स प्रिन्टर आदि सामग्रियाँ उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है।

- माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 9–10 एवं कक्षा 11–12 का पाठ्यक्रम अनुमोदित एवं कक्षा 6–8 का पाठ्यक्रम एस0सी0ई0आर0टी0 द्वारा तैयार करने के पश्चात् अनुमोदित किये जाने की प्रक्रिया में है।

- कम्प्यूटर शिक्षा का परिचयात्मक पाठ्यक्रम समस्त बच्चों के लिए तैयार किया गया है तथा कक्षा; 9–12 तक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, भूगोल आदि विषयों का शिक्षण कार्य कम्प्यूटर के माध्यम से कराया जाना विचाराधीन है।

- विद्यालय द्वारा निःशुल्क 20 फीट × 25 फीट पक्का सुरक्षित कक्ष उपलब्ध कराया जायेगा।

विज्ञान शिक्षा में सुधार योजना

- वर्ष 1988–89 एवं 1989–90 में भारत सरकार द्वारा इस योजनान्तर्गत विद्यालयों को विज्ञान उपकरण तथा विज्ञान शिक्षण की पुस्तकों (विज्ञान एवं गणित) के क्रय हेतु प्रथम बार रू0 6.30 करोड़ का अनुदान 1337 विद्यालयों के लिए प्रदान किया गया था।

- प्रति विद्यालय विज्ञान उपकरण एवं विज्ञान शिक्षण की पुस्तकों हेतु रू0 25,000/ की यूनिट कास्ट थी, जिसका शत प्रतिशत उपभोग तत्समय कर लिया गया था।

- वर्ष 1999–2000 में 840 माध्यमिक विद्यालयों को केवल विज्ञान उपकरण क्रय करने हेतु रू0 30,000/– प्रति विद्यालय की दर से कुल रू0 2.52 करोड़ की धनराशि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी थी जिसका उपभोग भी किया जा चुका है। वर्ष 2003–2004 में रू0 2.70 करोड़

की धनराशि भारत सरकार से स्वीकृत की गई थी जिसका उपभोग किया जा चुका है। इस धनराशि से प्रदेश के 108 शासकीय एवं 1392 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर की पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी हैं।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

- प्रारम्भ वर्ष – 1961–62
- क्षेत्र – राज्य सरकर द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय
- अवधि – दो वर्ष (पूर्ण कालिक छात्रों के लिये)
- पात्रता – हाईस्कूल परीक्षा के प्राप्तांकों का श्रेष्ठताक्रम
- छात्रवृत्ति संख्या – 4550
- दर – 1 गैर छात्रवासीय – 60.00 रू0

  2. छात्रवासीय– 100.00 रू0

- वर्ष 1996–97 में उत्तर प्रदेश सरकार का व्यय स्तर रू0 71.10 लाख।
- इस स्तर से अधिक व्यय होने वाली धनराशि ही भारत सरकार द्वारा देय।
- वर्ष 2000–2001 के बाद भारत सरकार से अनुदान अप्राप्त।
- भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का अंशदान 60:40 का है।

विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा योजना

- वर्ष 1974 से प्रारम्भ।
- वर्ष 1982 से योजना को शिक्षा विभाग के माध्यम से भी संचालित किया जाने लगा।
- उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में यह योजना वर्ष 1985–86 से प्रारम्भ हुई।
- केवल 2 विद्यालयों– राजकीय इण्टर कालेज, इलाहाबाद तथा राजकीय इण्टर कालेज मेरठ, में इस योजनान्तर्गत 10 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति करके कुल 27 विकलांग बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तत्समय की गयी थी। तदोपरान्त 5 अन्य विद्यालयों में इस योजना का विस्तार किया गया था।
- इस तरह से 7 माध्यमिक विद्यालयों में 17 वर्ष पूर्व योजना प्रारम्भ की गयी थी।

- वर्ष 1995 में इस योजनान्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों के लिए एक समेकित प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को भेजा गया था।

- वित्तीय वर्ष 2004–05 में भी इस योजनान्तर्गत रू0 18.42 लाख का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

- विकलांग बच्चों के लिए उक्त प्रस्ताव में यंत्र, उपकरण, पुस्तकीय एवं यूनीफार्म के रूप में सहायता हेतु निम्नवत् व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है–

  1. माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 489 विकलांग बच्चों के आने–जाने के लिए रू0 500/– प्रतिवर्ष की दर से आवागमन भत्ता।
  2. 489 विकलांग बच्चों के यंत्र/उपकरण हेतु रू0 2000/–प्रति छात्र की दर से एक मुश्त सहायता।
  3. 489 विकलांग बच्चों के लिए रू0 400/– प्रति छात्र की दर से प्रति वर्ष पुस्तकीय एवं लेखन सामग्री आदि की सहायता।
  4. 489 विकलांग बच्चों के लिए प्रति वर्ष 2 यूनीफार्म हेतु रू0 200/– प्रति बालक/बालिका प्रति वर्ष सहायता।
  5. 52 विकलांग बच्चों के लिए रू0 500/– प्रति छात्र/छात्रा प्रति वर्ष की दर से रीडर भत्ता।
  6. इसके अतिरिक्त विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विकलांग बच्चों के अभिभावकों के मध्य इस योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु रू0 3.0 लाख की धनराशि की व्यवस्था।

- विकलांग बच्चों की समेकित शिक्षा के चयन हेतु उनके शैक्षिक मूल्यांकन हेतु एवं उनको उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा हेतु राज्य स्तर पर, जिले स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन प्रस्तावित है।

- जिले के सी0एम0ओ0 अथवा उनके द्वारा अधिकृत बालरोग विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ तथा शैक्षिक प्रशासकों की सेवायें इस योजना के संचालन में ली जायेगी।

- शिक्षा विभाग में कार्यरत मण्डलीय मनोवैज्ञानिकों एवं राज्य स्तरीय मनोविज्ञानशाला की सेवायें भी आवश्यकतानुसार समय–समय पर ली जायेगी।

- सम्प्रति 489 विकलांग बच्चों के लिए ही अनुदान की मांग भारत सरकार से की गयी है।

नेशनल फिटनेस कोर योजना

- विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को क्रीड़ा क्षेत्र के विभिन्न विद्याओं में प्रशिक्षित किये जाने एवं खेल–कूद के उन्नयन हेतु वर्ष 1972 से यह योजना प्रारम्भ की गयी थी।
- भारत सरकार की वित्तीय सहायता शतप्रतिशत है।
- भारत सरकार द्वारा चयनित एवं नियुक्त 802 शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों को वर्ष 1972 से उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित किया गया था।
- वर्ष 1976 से इन समस्त शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों को शिक्षा विभाग में समायोजित कर लिया गया था।
- तदोपरान्त इस योजनान्तर्गत कार्यरत अनुदेशकों/कर्मचारियों के वेतन की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा उनके सेवानिवृत्त होने तक के लिए की जा रही है।
- प्रदेश शासन द्वारा इस योजना के संचालन हेतु प्रति वर्ष आवश्यक धनराशि का प्राविधान कराया जाता है। वर्ष 2004–2005 में रू0 60.00 लाख का बजट प्राविधान अनुपूरक माँग से कराया गया है।
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 1972–73 से 1999–2000 तक वेतनादि में व्यय की गयी धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 51.89 करोड़ की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा नहीं दी गयी है।
- शैक्षिक सत्र 2004–2005 से कक्षा 6–12 तक खेल को अनिवार्य विषय के रूप में पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।
- प्रत्येक जनपद में एक खेल विद्यालय का चयन किया गया है जो खेल संस्था के रूप में कार्य करेगा।

माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा का संचालन

- प्रदेश में वर्तमान में चार प्रकार की कम्प्यूटर शिक्षा योजनाएं संचालित/प्रस्तावित हैं –

1. क्लास प्रोजेक्ट योजना।
2. 11 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कम्प्टूर लैब योजना
3. भारत सरकार के आई0टी0 मंत्रालय के अन्तर्गत विद्यावाहिनी योजना।
4. कम्प्यूटर साक्षरता योजना।

- क्लास प्रोजेक्ट योजना केन्द्रांश 75 प्रतिशत एवं राज्यांश 25 प्रतिशत के आधार पर प्रथम चरण में 150 राजकीय तथा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में माह अगस्त, 2004 से संचालित की जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में रू0 6.70 लाख की दर से कम्प्यूटर हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा उपकरणों जैसे– यू0पी0एस0, जनरेटर तथा फर्नीचर आदि उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार द्वारा रू0 7.50 करोड़ की प्रथम किस्त एवं राज्य सरकार का अंश रू0 2.50 करोड, कुल मिलाकर रू0 10.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

- 11 वें वित्त आयोग कम्प्यूटर लैब योजना दो भागों में विभक्त है :–

  1 कम्प्यूटर हाल का निर्माण।

  2. कम्प्यूटर हार्डवेयर व अन्य उपकरणों की स्थापना।

प्रत्येक जनपद मुख्यालय के राजकीय विद्यालय में प्रति विद्यालय 9 मी0 × 11 मी0 का कम्प्यूटर हाल तथा 50–50 कम्प्यूटर मशीनें एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति विद्यालय रू0 43.00 लाख की दर से कुल रू0 30.10 करोड़ का अनुदान अवमुक्त किया जा चुका है।

- विद्यावाहिनी योजनान्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के माध्यम से जनपद लखनऊ एवं जनपद इलाहाबाद के 20–20 राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में एक सरवर एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में एक सरवर एवं 10 कम्प्यूटर मशीनें वी–सैट एण्टीना सहित उपलब्ध कराये जा चुके हैं तथा अध्यापकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं कम्प्यूटर शिक्षण सामग्रियाँ भी भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। जुलाई 2003 से विद्या वाहिनी योजना का लगातार कार्यान्वयन किया जा रहा है।

- कम्प्यूटर साक्षरता योजना प्रदेश सरकार द्वार शत–प्रतिशत पोषित है। 83 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 5–5 कम्प्यूटर अपट्रान के माध्यम से स्थापित कराकर वर्ष 1998–99 एवं 1999–2000 में अपट्रान द्वारा ही संचालन/शिक्षण कराया गया था। वर्तमान में उक्त योजना विद्यालयों के निजी श्रोतों यथा पी0टी0ए0 फण्ड आदि से चलाई जा रही है।

- क्लास प्रोजेक्ट योजनान्तर्गत 150 विद्यालयों, 11 वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत 70 राजकीय विद्यालयों एवं कम्प्यूटर साक्षरता योजनान्तर्गत 5 राजकीय विद्यालयों के लिए कुल मिलाकर 225 विद्यालयों में कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरणों का क्रय यू0पी0 डेस्को के माध्यम से कराया जा रहा है।

- विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा के संचालन हेतु कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने वाली विभिन्न ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय स्तर की एजेन्सियों का यू0पी0 डेस्को के माध्यम से निविदाएं आदि आमंत्रित कर चयन भी साथ ही साथ प्रक्रिया में है।

चयनित एजेन्सियों के माध्यम से माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा का शिक्षण/प्रशिक्षण छात्र/छात्राओं को कराया जाएगा। इसके लिए छात्र/छात्राओं से एक समान यूजर चार्जेस लिये जाने की व्यवस्था की गयी है।

यू0पी0 बोर्ड द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की कक्षाओ हेतु कम्प्यूटर शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार किया जा चुका है तथा छात्र/छात्राओं द्वारा इच्छुक विषय के रूप में कम्प्यूटर शिक्षा का विषय लेकर लगातार पिछले दो वर्षो से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा सम्मिलित हो रहे हैं।

अध्याय- 3
पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

दूर शिक्षा युग सापेक्ष सुलभ शिक्षा के मार्ग पर निरन्तर प्रगति करती जा रही है। सभी के लिए शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने की दृष्टि से पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद की स्थापना की ई है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित और समृद्ध करने के लिए शासन प्रयासरत है।

शासनादेश संख्या मा– 104747/15–6/64–80 दिनांक 17 सितम्बर 1980 के अन्तर्गत पत्राचार शिक्षा संस्थान की स्थापना की गयी है। संस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अध्ययन की बेहतर सुविधा देने के लिए कृत संकल्प है।

उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इण्टरमीडिएट एजूकेशन एक्ट के विनियमों में विनियम 35,36,37 तथा 38 बढ़ाकर यह प्राविधान कर दिया गया है कि हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले व्यक्तिगत परीक्षार्थी पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद में पंजीकरण कराकर विहित प्रक्रिया के अनुरूप अनिवार्य रूप से पत्राचार शिक्षा का अनुसरण करें। इस प्रकार संस्थान पत्राचार प्रविधि द्वारा शिक्षण की प्रभावी व्यवस्था कर व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के शैक्षिक स्तर के गुणात्मक एवं धनात्मक वृद्धि शिक्षार्थी की आवश्यकता के अनुरूप करने का कार्य कर रहा है। संस्थान सम्प्रति स्वयं पाठियों के लिए उच्च कोटि का पाठ्य सामग्री का निर्माण तथा प्रेषण करते हुए दूर शिक्षा के दर्शन को मूर्त रूप देने का प्रयत्न कर रहा है।

वर्ष 1984, इण्टरमीडिएट की व्यक्तिगत परीक्षा हेतु साहित्यिक वर्ग के परीक्षार्थियों के लिए 12 विषयों में पत्राचार शिक्षा व्यवस्था की गयी। वर्ष 1985 की परीक्षा हेतु साहित्यिक वर्ग के तीन अतिरिक्त विषयों को इस व्यवस्था के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया। वर्ष 1986 की परीक्षाओं के लिए इण्टरमीडिएट साहित्यिक वर्ग के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए 15 विषयों की शिक्षण सुविधा प्रदान की गयी। वर्ष 1987 की इण्टरमीडिएट की व्यक्तिगत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए पत्राचार शिक्षण की व्यवस्था रचनात्मक तथा ललित कला वर्ग में भी प्रारम्भ की गई। वर्ष 1990 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए वैज्ञानिक तथा वाणिज्य वर्गों को भी सम्मिलित कर लिया गया। सम्प्रति मानविकी वर्ग, विज्ञान वर्ग और वाणिज्य वर्ग में पत्राचार शिक्षा सामान्य योजना दो वर्षीय/एकवर्षीय पाठ्यक्रम के संचालन द्वारा स्वयंपाठियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के दायित्व का संस्थान निर्वहन कर रहा है।

1. **पत्राचार शिक्षा दो वर्षीय योजना** : इसमें हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात दो शैक्षिक सत्रों के लिए पंजीकरण किया जाता है।

2. **पत्राचार शिक्षा एक वर्षीय योजना** : इसमें कक्षा 11 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का एक वर्ष के लिए पंजीकरण किया जाता है। शासनादेश संख्या 3146/15–7–2(2)/2000 दिनांक 4, दिसम्बर, 2000 के अनुसार कक्षा 11 उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण स्वयंपाठियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक वर्षीय पत्राचार शिक्षा योजना परीक्षा वर्ष 2002 से प्रारम्भ की गई है।

वर्ष 2005 की परीक्षा हेतु दो वर्षीय योजना में पंजीकरण का कार्य जनवरी, 2004 से तथा एकवर्षीय योजना में पंजीकरण का कार्य जुलाई, 2004 से प्रारम्भ किया गया था। सम्प्रति पत्राचार शिक्षा संस्थान द्वारा मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग के निम्नांकित विषय आच्छादित किये गये हैं :–

(क) मानविकी वर्ग

1. अनिवार्य विषय– हिन्दी
2. संस्कृत
3. उर्दू
4. अंग्रेजी
5. इतिहास
6. नागरिकशास्त्र
7. अर्थशास्त्र
8. संगीत गायन
9. संगीत वादन
10. चित्रकला आलेखन
11. चित्रकला प्राविधिक
12. रंजनकला
13. समाजशास्त्र
14. गृह विज्ञान
15. भूगोल
16. मनोविज्ञान
17. शिक्षा शास्त्र
18. काष्ठ शिल्प
19. ग्रन्थ शिल्प
20. सिलाई

(ख) वैज्ञानिक वर्ग

1. अनिवार्य विषय– समान्य हिन्दी
